Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 153-2019/Ext.] CHANDIGARH, MONDAY, SEPTEMBER 9, 2019 (BHADRA 18, 1941 SAKA)

हरियाणा सरकार

वास्तुकला विभाग

अधिसूचना

दिनांक 9 सितम्बर, 2019

संख्या आर्क–2019/17298.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा वास्तुकला तकनीकी (ग्रुप–ग) सेवा नियम, 1990, को आगे संशोधित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

1. ये नियम हरियाणा वास्तुकला तकनीकी (ग्रुप–ग) सेवा (संशोधन) नियम, 2019, कहे जा सकते हैं।

2. हरियाणा वास्तुकला तकनीकी (ग्रुप–ग) सेवा नियम, 1990 में, परिशिष्ट ख के स्थान पर, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"परिशिष्ट ख

(देखिये नियम 7)

क्रम संख्या	पद नाम	सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।	सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।
1.	2.	3.	4.
1.	वास्तुक सहायक	सीधी भर्ती द्वारा:– (i) किसी मान्यताप्राप्त संस्था से वास्तुकला सहायकी में उपाधि–पत्र तथा वास्तुकला परिषद से पंजीकृत वास्तुकार के अधीन अर्हता प्राप्त करने के बाद आठ वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;	पदोन्नति द्वारा:– वरिष्ठ नक्शानवीस के रूप में चार वर्ष का अनुभव; प्रतिनियुक्ति/स्थानातंरण द्वारा:– (i) वास्तुक सहायक के रूप में दो वर्ष का अनुभव ; या वरिष्ठ नक्शानवीस के रूप में छह वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;

क्रम संख्या	पद नाम	सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।	सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।
1.	2.	3.	4.
2.	वरिष्ठ नक्शानवीस	.....	**पदोन्नति द्वारा:–** कनिष्ठ नक्शानवीस के रूप में चार वर्ष का अनुभव; **प्रतिनियुक्ति / स्थानातंरण द्वारा:–** (i) वरिष्ठ नक्शानवीस के रूप में दो वर्ष का अनुभव ; या कनिष्ठ नक्शानवीस के रूप में छह वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;
3.	वरिष्ठ नक्शानवीस (इंटीरियर डैकोरेटर)	**सीधी भर्ती द्वारा:–** (i) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से आंतरिक सजावट में उपाधि–पत्र तथा अर्हक आंतरिक सज्जाकार या वास्तुकला परिषद से पंजीकृत वास्तुकार के अधीन अर्हता प्राप्त करने के बाद तीन वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;	**प्रतिनियुक्ति / स्थानातंरण द्वारा:–** (i) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से इंटीरियर डैकोरेशन में उपाधि–पत्र (डिप्लोमा); (ii) इंटीरियर डैकोरेटर के रूप में तीन वर्ष का अनुभव; तथा (iii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;
4.	वरिष्ठ नक्शानवीस (प्रतिमाकार) (मॉडलर)	**सीधी भर्ती द्वारा:–** (i) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से वास्तुकला सहायकी में उपाधि–पत्र तथा अर्हक वास्तुकार के अधीन अर्हता प्राप्त करने के बाद लकड़ी, कार्ड बोर्ड, प्लास्टिक और अन्य सामग्रीयों में मॉडल तैयार करने का पांच वर्ष का अनुभव; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;	**प्रतिनियुक्ति / स्थानातंरण द्वारा:–** (i) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से वास्तुकला सहायकी में उपाधि–पत्र (डिप्लोमा) सहित लकड़ी, कार्ड बोर्ड, प्लास्टिक और अन्य सामग्री में मॉडल तैयार करने का पांच वर्ष का अनुभव; तथा (ii) मैट्रिक स्तर तक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;
5.	कनिष्ठ नक्शानवीस	**सीधी भर्ती द्वारा:–** (i) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से वास्तुकला सहायकी में उपाधि–पत्र तथा वास्तुकला परिषद् से पंजीकृत वास्तुकार के अधीन अर्हता प्राप्त करने के बाद दो वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;	**पदोन्नति द्वारा:–** सहायक नक्शानवीस के रूप में तीन वर्ष का अनुभव; **प्रतिनियुक्ति / स्थानातंरण द्वारा:–** (i) सहायक नक्शानवीस के रूप में पांच वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;
6.	सहायक नक्शानवीस	(i) वास्तुकला सहायकी (Assistantship) में उपाधि पत्र (डिप्लोमा) ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;	**प्रतिनियुक्ति / स्थानातंरण द्वारा:–** (i) सहायक नक्शानवीस के रूप में तीन वर्ष का अनुभव; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत;

क्रम संख्या	पद नाम	सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।	सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव, यदि कोई हो।
1.	2.	3.	4.
7.	फैरोमुद्रक	———	पदोन्नति द्वारा:– (i) मैट्रिक पास; (ii) मुद्रण मशीन चलाने का चार वर्ष का अनुभव; (iii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत; तथा (iv) फैरोखलासी के रूप में पांच वर्ष का अनुभव; प्रतिनियुक्ति/स्थानातंरण द्वारा:– (i) फैरोमुद्रक के रूप में दो वर्ष का अनुभव ; तथा (ii) मैट्रिक या उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत।"।

आलोक निगम,
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
वास्तुकला विभाग।

स्थान: चण्डीगढ़
दिनांक 02.09.2019

HARYANA GOVERNMENT

ARCHITECTURE DEPARTMENT

Notification

The 9th September, 2019

No. Arch-2019/17298.— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Haryana hereby makes the following rules further to amend the Haryana Architecture Technical (Group C) Service Rules, 1990, namely :-

1. These rules may be called the Haryana Architecture Technical (Group C) Service (Amendment) Rules, 2019.

2. In the Haryana Architecture Technical (Group C) Service Rules, 1990, for Appendix B, the following Appendix shall be substituted, namely:-

"APPENDIX B

(see rule 7)

Serial Number	Designation of Posts	Academic qualifications and experience, if any, for direct recruitment	Academic qualifications and experience, if any, for appointment other than by direct recruitment
1	2	3	4
1.	Architectural Assistant	(i) Diploma in Architectural Assistantship from a recognised Institution with eight years experience after qualifying under an Architect registered with Council of Architecture; and (ii) Hindi or Sanskrit as one of the subject in Matric or Higher Education;	**by Promotion:-** Four years experience as Senior Draftsman; **by Deputation/ Transfer:-** (i) Two years experience as Architectural Assistant; or six years experience as Senior Draftsman; and (ii) Hindi or Sanskrit as one of the subject in Matric or Higher Education;